आकाशवाणी शिमला

16.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9.20 बजे

विधानसभा

तीन दिन के अवकाश के बाद प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र कल सोमवार को फिर शुरू होगा। बजट सत्र प्रातः 11 बजे शुरू होगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू अपने कार्यकाल का तीसरा बजट पेश करेंगे। मुख्यमंत्री इस बजट में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के साथ—साथ शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र को सुदृढ़ बनाने का ऐलान कर सकते हैं।

एस.आई.टी.

प्रदेश सरकार ने कांग्रेस के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर गोलीकांड मामले में विशेष जांच दल एस.आई.टी. का गठन किया है। यह एस.आई.टी. ए.डी.जी.पी. ज्ञानेश्वर सिंह की देखरेख गठित की गई है। डी.आई.जी. सौम्या सांबशिवन को एस.आई.टी. चेयरपर्सन बनाया गया है।

मुख्यमंत्री

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कल आई.जी.एम.सी., शिमला पहुंचकर पूर्व विधायक बंबर ठाकुर का कुशलक्षेम पूछा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बंबर ठाकुर खतरे से बाहर है और उनकी स्थिति में काफी सुधार है। उन्होंने कहा कि मामला अत्यंत गम्भीर है और पुलिस को दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के ईमानदार प्रयासों के परिणामस्वरूप प्रदेश में आज नशे के मामलों में 30 प्रतिशत तक की गिरावट आई है।

अवैध खनन

ऊना जिला प्रशासन अवैध खनन पर शिकंजा कसने के लिए लगातार सख्त कदम उठा रहा है। इसी कड़ी में उपायुक्त ऊना जतिन लाल व पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने कल विभिन्न खनन स्थलों पर औचक छापेमारी की। इस दौरान कई क्रेशर में अनियमितताएं पाई गईं, जिसके चलते संबंधित इकाइयों की बिजली आपूर्ति तुरंत प्रभाव से काटने और लीज़ रद्द करने के आदेश जारी किए गए हैं। जिला प्रशासन आम लोगों से भी अपील की है कि यदि उन्हें कहीं अवैध खनन की जानकारी मिले तो इसकी सूचना प्रशासन या पुलिस को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कदम उठाए जा सकें।

पद्म पुरस्कार

अगले वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन नामांकन शुरू हो गये हैं। नामांकन की अंतिम तारीख 31 जुलाई है। इन पुरस्कारों के लिए नामांकन और सिफारिशें केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन स्वीकार की जाएंगी।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम साफ बना हुआ है। हालांकि गत दिनों हुई बारिश से तापमान में एक बार फिर कमी दर्ज की गई है जबकि ऊपरी क्षेत्रों में अभी भी सुबह—शाम ठंड का दौर जारी है।

उधर किन्नौर जिला के ऊपरी इलाकों में हल्का हिमपात और निचले इलाकों में बारिश का क्रम जारी है।

अधिक ब्यौरे के साथ किन्नौर से हमारी संवाददता की ये रिपोर्ट

मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में चंबा, लाहौल–स्पीति, कुल्लू व किन्नौर जिलों में हिमस्खलन का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

सुर्खिया समाचार पत्रों से.

दैनिक भास्कर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है–**ग्रीन स्टेट व ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मज़बूत करने पर हो सकता है फोकस।** हिमाचल दस्तक का सुर्खी है–**पंचायत संपतियों के आबंटन में प्रधान की शक्तियां छिनीं।** जबकि दिव्य हिमाचल के शब्द हैं–**सुक्खू कल पेश करेंगे प्रदेश का बजट।**

दैनिक जागरण की सुर्खी है–**85 लाख की बीमा राशि के लिए पत्नी को किया मृत घोषित, तीन गिरफ्तार।** पत्र लिखता है–**बंबर पर गोलियां चलाने पर छह लोग हिरासत में।** अमर उजाला का शीर्षक है–**पूर्व विधायक बंबर पर 4 हमलावरों ने बरसाईं गोलियां, पी.एस.ओ. भी घायल, पांच हिरासत में ।**

पंजाब केसरी की सुर्खी है–**रोहतांग, बारालाचा दर्रे, अटल टनल सहित चोटियों पर हिमपात, आज 5 जिलों में हिमस्खलन का अलर्ट।** आपका फैसला के अनुसार–**हिमाचल के ऊंचे क्षेत्रों में बर्फबारी, कुल्लू–लाहौल में हिमस्खलन का अलर्ट।**